भक्तो के प्यारे दुनिया के सहारे

भव सागर से पार है जाना, बंदे रब का दर्शन पाना,
ॐ साईं नाथ जप ले, ॐ साईं नाथ जप ले |

भक्तो के प्यारे, दुनिया के सहारे,
जो सब के काम सवारे, दुखियो के कष्ट निवारे,
वो साईं नाथ है, हर जगह मेरे साथ है |

पत्थर जो छू ले बाबा, सोना कर देते हैं |
रोगीओ के रोग सारे, आप हर लेते हैं ||
जो डूब रहा है मझदारे, वो मुख से साईं पुकारे, उसे आप लगते पार हैं,
वो साईं नाथ है, हर जगह मेरे साथ है ||

साईं की निगाह में कोई, ऊँचा नाही नीचा है |
एक ही मिटटी से सारी बगिया से सींचा है ||
धरती पे फुल जो सारे , अम्बर के सभी सारे सितारे, है जिन पे सभी बलिहारे,
वो साईं नाथ है, हर जगह मेरे साथ हैं ||

सारे जगत के बाबा साईं दयावान हैं |
एक ही सब के मालिक, एक भगवान् हैं ||
ए मेरे सतगुरु प्यारे, ए मेरे अल्ला प्यारे, कहे सब के राम दुलारे,
वो साईं नाथ हैं, हर जगह मेरे साथ हैं ||

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/123/title/bhakto-ke-pyare-duniya-ke-sahare-sai-bhajan

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |